नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर फिजियोथेरेपी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु, द्वितीय विज्ञापन वर्ष 2019–20

फिजियोथेरेपी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की प्रथम काउंसलिग पश्चात रिक्त शेष सीटो हेतु स्वशासी समिति नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत सत्र 2019–20 के लिए विभिन्न एम.पी.टी (MPT) पाठ्यक्रमों स्ववित्तीय (Self Finance) में प्रवेश हेतु आवेदन आंमत्रित किये जाते है बी.पी.टी कोर्स में प्राप्त अंको आधार पर मेरिट में प्रवेश दिये जावेगें । चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर में म.प्र. सहचिकित्सीय परिषद्र द्वारा मान्यता प्राप्त पाठ्यकमों एवं उनमें उपलब्ध सीटों का विवरण निम्नानुसार हैः–

कं	कोर्स का नाम	रिक्त सीटो की संख्या
01	MASTER OF PHYSIOTHERAPY (SPORTS)	03
02	MASTER OF PHYSIOTHERAPY (OBST.&GYANEC.)	03

उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर शासन के नियमों के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग के छात्रों को आरक्षण दिया जावेगा । इन सभी श्रेणीयों मे महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। सभी पैरामेडिकल पाठ्यकमों में मध्यप्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क लिया जावेगा । पैरामेडिकल पाठ्यकम में प्रवेश के लिए विवरण पुस्तिका एवं आवेदन पत्र ***पैरामेडिकल कार्यालय तृतीय तल पी.एस.एम विभाग के बाजू में नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय जबलपुर से दिनांक 18/12/2019 से समय 10:30 बजे से 5:30 तक के बीच में रू 500/– का आवेदन शुल्क वाउचर पैरामेडिकल शाखा से प्राप्त कर, बैंक ऑफ बडौदा मेडिकल कॉलेज शाखा मे जमा कर आवेदन फार्म प्राप्त किये जा सकते है।*** आवेदन पत्र को भरकर जमा करने एवं आवेदन फार्म प्राप्त करने की ***अंतिम तिथि 23/12/19 है।*** डाक द्वारा निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी चिकित्सा महाविद्यालय, जबलपुर की बेवसाइट www.nscbmc.ac.in पर भी प्राप्त की जा सकती है । इन पाठ्यकमों में प्रवेश हेतु निर्धारित आवेदन पत्र भी उक्त साईड से डाउनलोड करके प्राप्त किया जा सकता है । डाउनलोड किये हुए आवेदन पत्र जमा करते समय आवेदन पत्र का शुल्क उपरोक्त दर्शायेनुसार देय होगा । इन सभी पाठ्यकमों में प्रवेश के लिए कांउसिलिंग (आवंटन प्रकिया) निम्नानुसार सम्पन्न होगी दिनांक 27/12/19 को समय प्रातः 10:30 बजे से मेरिट के आधार पर प्रारम्भ की जावेगी । ***कांउसिलिंग के लिए अलग से कॉल लेटर जारी नहीं किये जायेगे।*** **काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रकिया महाविद्यालय के** *फार्माकॉलाजी लेक्चर हॉल* में सम्पन्न कराई जावेगी।

उक्त पैरामेडिकल पाठयकम पूर्णतः स्ववित्तीय पाठयकम है, जिसमे प्रवेश लेने वाले विद्यार्थीयों को प्रशासन द्वारा संचालित ग्रीन कार्ड सुविधा का लाभ नही दिया जायेगा।

नोटः– उपरोक्त दर्शायी गई सीटों में कमी एवं वृद्धि हो सकती है एवं सभी श्रेणी के उम्मीदवार अनारक्षित श्रेणी(यूआर) के रूप में सम्मलित हो सकते है।

Dean
N.S.C.B. Medical College
Jabalpur (M.P.)

मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अधिष्ठाता
ने.सु.चं. बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर।